Total No. of Printed Pages—8

**X/24/Hin**

**2 0 2 4**

# HINDI

( INDIAN LANGUAGE )

**( FOR CANDIDATES WITH INTERNAL ASSESSMENT )**

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 24

**( FOR CANDIDATES WITHOUT INTERNAL ASSESSMENT )**

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 30

*Time* : 3 hours

**( FOR ALL CATEGORIES OF CANDIDATES )**

*General Instructions* :

(i) The candidates are advised to attempt all questions accordingly.

(ii) Marks allocated to every question are indicated against each.

(iii) Very short answer-type questions weightage of one (1) mark each requires answer in one word, one proverb or one sentence.

(iv) Short answer-type questions weightage of two (2) marks each requires answer under *50* words.

(v) Long answer-type—1 questions weightage of five (5) marks each requires answer under *100* words.

(vi) Long answer-type—2 questions weightage of seven (7) and eight (8) marks each requires answer under *150* words.

## खण्ड–क

### (गद्य–भाग)

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर दीजिए : 1×4=4

(क) शिकारी के भय से मूर्ख शुतुरमुर्ग रेत में क्या छिपा लेता है?

*(i)* सिर

*(ii)* गरदन

*(iii)* शरीर

*(iv)* पैर

(ख) लेखक के पिता रामेश्वरम पंचायत बोर्ड के क्या चुन लिए गए?

*(i)* मेयर

*(ii)* प्रधान

*(iii)* अध्यक्ष

*(iv)* सचिव

(ग) बाबा भारती ने खड्गसिंह को घमंड से क्या दिखाया?

*(i)* हाथी

*(ii)* घोड़ा

*(iii)* गाय

*(iv)* भैंस

(घ) नीलकंठ की छाया के समान रहने के कारण मोरनी का नाम क्या रखा गया?

*(i)* राधा

*(ii)* कुब्जा

*(iii)* चित्रा

*(iv)* कजली

(ङ) अपने शरीर का रस पिलाकर बिरछ किसका पोषण करता है?

*(i)* फल

*(ii)* बीज

*(iii)* टहनी

*(iv)* जड़

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग *50* शब्दों में) दीजिए : 2×3=6

(क) मरने के वक्त युवा बकरी को किस बात का अफ़सोस था?

(ख) लेखक के पिता ने लेखक की पिटाई क्यों की?

(ग) सुलतान को पाने के लिए खड्गसिंह ने क्या छल किया?

(घ) कवि संत का नाम 'तिरुवल्लुवर' क्यों पड़ा?

(ङ) अंगारक वायु किसे कहते हैं? पेड़-पौधे उसे जीव-जंतुओं के लिए किस प्रकार शुद्ध करते हैं?

**3.** निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (लगभग *100* शब्दों में) कीजिए : 5

(क) ''लोगों को यदि इस घटना का पता लग गया, तो वे किसी दीन-दुखी पर विश्वास न करेंगे।''

(ख) ''अगर किसी लक्ष्य तक पहुँचने का पक्का इरादा कर लिया जाए, तो चाहे वह कितना भी असंभव क्यों न हो, इनसान उसे हासिल कर ही लेता है।''

**4.** 'शहीद बकरी' शीर्षक कहानी का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (लगभग *100* शब्दों में) लिखिए। 5

**अथवा**

'नीलकंठ' शीर्षक कहानी का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (लगभग *100* शब्दों में) लिखिए।

## खण्ड–ख

### (पद्य–भाग)

**5.** कोष्ठक में दिए गए शब्दों की मदद से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×4=4

(गीता, वेद–उपनिषद्, रामायण, देव–शीश)

(क) यह माटी, जो _____ की सीता,

(ख) यह माटी, जो महाभारत की _____।

(ग) यह माटी, जो _____ गाती

(घ) यह माटी, जो _____ चढ़ जाती

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग *50* शब्दों में) दीजिए : 2×3=6

(क) भारतीय मिट्टी को महान क्यों कहा गया है?

(ख) एक विश्व के नारे की कल्पना किस प्रकार साकार हो सकती है?

(ग) धन पाकर अभिमान क्यों नहीं करना चाहिए?

(घ) प्रकृति के भीतर छिपे खजाने को कौन प्राप्त कर सकता है?

(ङ) होली पास आने पर इन जंगलों में क्या परिवर्तन आ जाता है?

**7.** निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (लगभग *100* शब्दों में) कीजिए : 5

(क) ''तन दें, मन दें, धन दें, इस माटी को,
जो कुछ संभव, सब दें इस माटी को।
यह माटी, प्यारे भारत की माटी,
यह माटी, सारे भारत की माटी।
आओ,
इस माटी की तपन हरें हम।''

(ख) ''सत्ता–लोलुप बना आदमी,
किया धरा का बँटवारा।
कागज पर रेखाएँ खींचीं,
किया विश्व न्यारा–न्यारा।''

**8.** 'बाल-लीला' **अथवा** 'उद्यमी नर' शीर्षक कविता का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (लगभग *100* शब्दों में) लिखिए। 5

## खण्ड–ग
### (संचयन)

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर (लगभग *50* शब्दों में) दीजिए : 2×4=8

(क) हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे?

(ख) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

(ग) हेडमास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया?

(घ) इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं?

(ङ) दस अक्तूबर सन् पैंतालीस का दिन टोपी के जीवन में क्या महत्त्व रखता है?

**10.** मिथिलेश्वर **अथवा** गुरदयाल सिंहजी की जीवनी एवं उनकी साहित्यिक कृतियों के बारे में (लगभग *150* शब्दों में) लिखिए। 7

## खण्ड–घ
### (व्याकरण एवं रचना)

**11.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए : 1×5=5

*(i)* नमस्ते

*(ii)* मनोरथ

*(iii)* यशोदा

*(iv)* मनोबल

*(v)* निराकार

*(vi)* दुराग्रह

*(vii)* नीरोग

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के **दो–दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1×4=4

*(i)* अमृत

*(ii)* कमल

*(iii)* अग्नि

*(iv)* किनारा

*(v)* पृथ्वी

*(vi)* बादल

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** अनेक शब्दों के बदले एक शब्द लिखिए : 1×4=4

*(i)* जहाँ जाना कठिन हो

*(ii)* जो सरलता से मिल सके

*(iii)* जिसका परिचय न हो

*(iv)* थोड़ा जानने वाला व्यक्ति

*(v)* ईश्वर आदि को मानने वाला

*(vi)* जल में रहने वाले प्राणी

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** मुहावरों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1×4=4

*(i)* अंधे की लाठी

*(ii)* कलेजे का टुकड़ा

*(iii)* घी के दिए जलाना

*(iv)* अपने पैरों पर खड़ा होना

*(v)* गुड़ गोबर करना

*(vi)* ईद का चाँद होना

**12.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 8

(क) परोपकार

(ख) नारी-शिक्षा

(ग) साक्षरता-अभियान

(घ) दीपावली

## [ FOR CANDIDATES WITHOUT INTERNAL ASSESSMENT ]

( *Marks* : 20 )

**13.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'हरिहर काका' कहानी के लेखक कौन हैं?

(ख) हरिहर काका के हिस्से में कितने बीघे जमीन थी?

(ग) फ़सल उगने पर सबसे पहले भेंट कहाँ चढ़ाई जाती थी?

(घ) ठाकुरबारी के नाम कितने बीघे जमीन थी?

(ङ) गर्मी के दिनों में बच्चे कहाँ नहाते थे?

(च) 'रेल-बम्बा' किसका नाम था?

(छ) पीटी सर का पूरा नाम क्या था?

(ज) पीटी सर किससे मीठी-मीठी बातें करते थे?

(झ) इफ़्फ़न की दादी के पिता क्या थे?

(ञ) इफ़्फ़न के पिताजी क्या थे?

(ट) टोपी का पूरा नाम क्या था?

(ठ) टोपी के पिता किस नाम से जाने जाते थे?

**14.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) चरवाहे ने कहाँ बकरियाँ चराना बंद कर दिया?

(ख) भेड़िया के मुँह किसका खून लग चुका था?

(ग) बाबा भारती कहाँ रहते थे?

(घ) 'हार की जीत' कहानी में डाकू का नाम क्या था?

(ङ) प्रति क्षण बाबा भारती को किस बात का भय लगा रहता था?

(च) धोखे और छल-प्रपंच से मिली जीत कैसी होती है?

(छ) तमिल भाषा में 'तिरु' शब्द का अर्थ क्या होता है?

(ज) तमिल भाषा के अनुसार 'कुरल' का अर्थ क्या है?

(झ) तिरुवल्लुवर की माँ किस जाति की थी?

(ञ) तिरुवल्लुवर के माता-पिता ने किस बात का व्रत ले रखा था?

(ट) विदेशी अतिथि ने 'परफेक्ट जेंटलमैन' की उपाधि किसे दे डाली थी?

(ठ) गाछ-बिरछ के पत्ते किससे अपना आहार ग्रहण करते हैं?

★★★